

# गणतंत्र दिवस पर चोरड़िया जैन विद्यालय में हुए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शहर के नम्मलवार स्ट्रीट में स्थित मांगीकंवर अनराज चोरड़िया जैन नर्सरी एवं प्राइमरी विद्यालय में एसएस जैन महिला विद्या संघ ने गणतंत्र दिवस समारोह मनाया। मुख्य अतिथि के रु में जैन महासंघ के अध्यक्ष ज्ञानचंद सुराणा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया तथा स्कूली बच्चों ने तिरंगे को सलामी दी। विद्यालय के अध्यक्ष महावीरचंद रांका ने सभी का स्वागत किया। सचिव रंजीत बाफना ने मुख्य अतिथियों का परिचय दिया। अतिथियों का सम्मान रिखबचंद लोढ़ा, अध्यक्ष महावीरचंद रांका, कोषाध्यक्ष दिलीप भंडारी, सचिव रंजीत बाफना, संयुक्त सचिव हरीश कांकरिया ने किया। अतिथि लीलादेवी का सम्मान उपाध्यक्ष कमलाबाई मेहता, निर्मला लोढ़ा, संयुक्त सचिव मोनिका बेताला ने किया। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि डॉ. भूपेश मेहता ने बच्चों के कार्यक्रमों की सराहना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## झंडारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम चेन्नई की शाखा 7 के प्रबन्धक दिनेश कुमार ने झंडारोहण करते हुए शाखा के अभिकर्ताओं को बधाई दी । इस अवसर पर शाखा के सहप्रबंधक प्रदीपकुमार चेयरमैन, सदस्य नरेन्द्र कांकरिया, कुमार पेरुमाल, मुरली सहित अनेक गणतंत्र दिवस प्रतियोगिता के विजेताओं का मेडल द्वारा स्वागत किया गया।

## हरित अभियान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजा स्ट्रीट वेलफेयर एसोसिएशन टीनगर में एक्नोरा इंटरनेशनल द्वारा चल रहे हरित प्रदेश अभियान द्वारा पौधे वितरित किए गए। श्रीधरन ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित फतेहराज जैन ने झंडारोहण कर सलामी दी। इस मौके पर सभी उपस्थित जनों को पौधे बांटे गए।




# गोपालपुरम संघ ने कपिल मुनि जी से की चातुर्मास की विनति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। हैदराबाद में विराजित मुनिश्री कपिलमुनिजी का वर्ष 2025 का चातुर्मास जैन संघ, गोपालपुरम चेन्नई के तत्वावधान में करवाने का निवेदन लेकर संघ के पदाधिकारीगण व सदस्यगण उपस्थित हुए। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहनलाल भंसाली, शांतिलाल संकलेचा व मंत्री राजकुमार कोठारी के नेतृत्व में आए शिष्ट मंडल ने गुरुदेव श्री के समक्ष चातुर्मास की आग्रह पूर्ण निवेदन प्रस्तुत किया।

चेयरमैन सुभाषचंद रांका व अध्यक्ष अमरचंद छाजेड़ की प्रबल भावना से अवगत कराते हुए मंत्री राजकुमार कोठारी ने मुनि श्री से अनुनय भरा निवेदन करते हुए कहा कि आशा ही नहीं हमें पूर्ण विश्वास है कि आप चातुर्मास करवाने का सौभाग्य हमारे संघ को ही प्रदान करेंगे ।

गुरुदेव श्री ने इस पर स्वास्थ्य की अनुकूलता होने पर यथासमय इस विषयक निर्णय करने का संकेत किया ।

इस मौके पर विजय कुमार कोठारी, अशोक छाजेड़, मूलचंद खारीवाल, नवरत्न मल आच्छा, संजय खींवसरा आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष अमरचंद छाजेड़ ने दी !

## गणतंत्र दिवस समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के सनातन धर्म विद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। विद्यालय की प्राचार्या एस लता ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने तिरंगे को सलामी दी व राष्ट्रभक्ति के गीत गाए।

## झंडारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के केआरएस पुरम स्थित डीबी रोड स्थित राजस्थानी संघ प्रांगण में गणतंत्र दिवस मनाया गया। पदाधिकारियों ने झंडारोहण किया। इस कार्यक्रम में संघ के सचिव विकास नाकोडा जैन, कोषाध्यक्ष विक्रम सालेचा आदि उपस्थित थे। झंडारोहण के पश्चात सबको मिठाई बांटी गई।

## झंडारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के आरजी स्ट्रीट स्थित राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ द्वारा संचालित सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर में गणतन्त्र दिवस के अवसर पर संघ भवन में झण्डारोहण किया गया।इस कार्यक्रम में संघ अध्यक्ष गुलाबचंद मेहता, सचिव गोतमचंद बाफना व अन्य कार्यकरणी सदस्य मौजूद रहे।



# अमृतवाणी सत्संग मंडल परिवार का 28वां पाटोत्सव महोत्सव मनाया गया

## वरिष्ठ सदस्यों का किया गया सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अमृतवाणी सत्संग मंडल परिवार द्वारा स्वामी सत्यानंदजी के सान्निध्य में सानिध्य में 28वां पाटोत्सव महोत्सव रविवार को मनाया गया। सुबह से अनेक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। सबसे पहले गणेश वंदना गुरु वंदना मां सरस्वती वंदना के बाद सामूहिक रूप से अमृतवाणी पाठ और भजन हुए। मंडल के चंपालाल पुरोहित द्वारा शुरु किए गए धार्मिक मंडल की सभी ने सराहना की। मंडल के स्थापना में चम्पालाल पुरोहित, राधेश्याम बिसानी, कृपाशंकर व्यास, रामदेव आसट, लालजी राठी, प्रेम व्यास, कन्हैयालाल भट्टड़, दीनदयास व्यास, वृजमोहन गुरका, जमनाजी भैया, शोभा शर्मा व ममता शर्मा आदि का सहयोग रहा।

इस मौके पर मंडल के वरिष्ठ सदस्य कन्हैयालाल भट्टड़ तथा मामा पुरोहित का सम्मान किया गया। हेमलता सांवल परिवार द्वारा पाटोत्सव महोत्सव में अन्नकूट का भोग लगाया गया। यह जानकारी मंडल के सदस्यअरविंद कुमार दाधीच ने दी।



# साहित्य संगम की वर्षगांठ पर बीएल आच्छा और नैनमल का हुआ सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। जैन साहित्य संगम, तमिलनाडु का प्रथम स्थापना दिवस तथा गणतंत्र दिवस की काव्य गोष्ठी का आयोजन रविवार को टी. नगर स्थित आरवाईए मेट्रो सभागार में हुआ्। एम. गौतमचंद बोहरा (सीए) की अध्यक्षता में संगम की ओर से वरिष्ठ साहित्यकार बीएल आच्छा का 'साहित्य चूड़ामणी' उपाधि देकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि आच्छा ने कहा कि जैनों ने साहित्य रचना के साथ संरक्षण भी किया है। अभिधान राजेन्द्र कोष के रचनाकार विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी, इतिहासकार अगरचंद नाहटा और हिंदी–राजस्थानी के कवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्राचीन काल के अनेक जैन मंदिर और स्मारक विश्व विरासत सूची में स्थान पाने योग्य है।

इस अवसर पर संगम के वरिष्ठतम सदस्य, करीब छह हजार भक्ति गीतों के रचयिता नैनमल देवीचंद जैन का अभिनंदन किया गया। साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने दोनों की साहित्यिक उपलब्धियाँ बताई्। मोहिनी चोरड़िया ने आच्छा के सृजन की समीक्षा की। शोभा चोरड़िया ने रणबांकों के वंशज हो तुम थोड़ा–सा प्रतिकार करो' कविता सुनाई्। प्रणत धींग ने जहाँ अहिंसा ज्ञान नहीं हो, वहां मनुजता रोती है, बच्चे मूल्यों के रखवाले मानवता के मोती हैं' कविता सुनाई। तपस्वी रमेश बोहरा ने साहित्य संगम की वर्षगांठ पर सदस्यों की रचनाधर्मिता पर कविता सुनाई्। केवल कोठारी ने गोली एक चली सरहद पर सीने उसके पार हुई कविता पेश की। पमिता खिचा, जयंतीलाल जागरूक, कपूरचंद सेठिया और सरिता सरगम ने देशभक्ति की रचनाएँ सुनाई्। अध्यक्ष एमजी बोहरा ने प्रसन्नता जताई कि संगम की तमिलनाडु शाखा सर्वश्रेष्ठ शाखा के रूप में सक्रिय है। मंत्री अमित मरडिया ने संचालन किया। सहमंत्री राजेश सुराणा ने धन्यवाद दिया।




# अग्रवाल समाज ने मनाया गणतंत्र दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। शहर के अग्रवाल समाज के तत्वावधान में अग्रवाल सभा भवन में सभा अध्यक्ष पवनकुमार बंसल की अध्यक्षता में 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।

समारोह का शुभारंभ राष्ट्रध्वज फहरा कर किया गया। ततपश्चात समाज की महिलाओं व बच्चों ने देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा फ़ायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 15 वर्ष तक के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतिभाशाली बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया । समारोह में मदुरै नार्थ इंडियन वेलफेयर एसोशियन के पूर्व अध्यक्ष सी.आर. पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में अग्रवाल समाज के सदस्यगण व महिला मंडल की अध्यक्ष ललिता बंसल सहित मण्डल की महिलाएं मौजूद रही।



# स्नेह मिलन में घीसूलाल बने मेवाड़ संघ के नए अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर । स्थानीय श्री मेवाड़ जैन संघ का वार्षिक स्नेह मिलन शहर के चंदा फ़ार्म पर रखा गया। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष रतनलाल बाफना, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र तारावट, मंत्री घीसूलाल हिंगड़, नरेंद्र बाबेल, गुमान बम्ब, मुकेश वडालमिया, डॉ नरेंद्र पटवा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभा का संचालन करते हुए घीसूलाल हिंगड़ ने मेवाड के इतिहास और वीरों की गौरव गाथा का वर्णन किया।

मेवाड संघ की महिला सदस्यों ने बच्चों और बड़ों के लिए खेल और मनोरंजन का आयोजन किया गया। मेवाड़ संघ मे नई कार्यकारी टीम का चयन किया गया।

घीसूलाल हिंगड़ को नए अध्यक्ष के रुप में मनोनित किया गया तथा अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। सुनील सुराणा ने मेवाड़ के इतिहास पर प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला कार्यकर्ता शीतल बम्ब और मोनिका बाबेल ने बच्चों और बड़ों के लिए ज्ञानवर्धक और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया।




# जयगोपाल गारोड़िया विद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। चेन्नई के अन्नानगर स्थित जयगोपाल गारोड़िया विवेकानंद विद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सेवानिवृत्त जूनियर वारंट ऑफिसर वीपी सुरेश ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने विद्यार्थियों को सशस्त्र बलों में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल एम. उमा भी उपस्थित थीं। विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने ने मार्च पास्ट प्रस्तुत किया तथा अंग्रेजी, हिंदी और तमिल भाषा में भाषण दिए। कार्यक्रमों ने सभी में देशभक्ति की भावना जगा दी।



